<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का नामी कम्पनी में चयन</u>

पन्तनगर। 2 जनवरी 2025। विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय में साक्षात्कार के आधार पर मैसर्स BAIF डेवलपमेंट रिसर्च फाउंडेशन लिमिटेड में विश्वविद्यालय के पांच विद्यार्थियों क्रमशः ज्योत्सना आर्य (बी.वी.एससी.ए.एच), सिमरन अंडोत्रा, करण पाठक, अनुराग गुप्ता एवं हर्ष (बी.टेक. एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग) का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के उपरान्त लगभग पैकेज 4 से 5.10 लाख प्रतिवर्ष के साथ ही अन्य सुविधाएं देय होगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासो की सराहना की तथा चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी है। सेवायोजन एवं परामर्श निदेशक डा. एम.एस. नेगी और सह निदेशक डा. गीता पाठक ने भी सफल विद्यार्थियों को बधांई दी तथा बताया कि भविष्य में भी निदेशालय अधिक से अधिक विद्यार्थियों के सेवायोजन हेतु प्रयासरत रहेगा।

चयनित विद्यार्थियों के साथ अधिकारी।

निदेशक संचार